दिनांक 12.10.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आचार संहिता का पालन कराने में जुटा निगम प्रशासन

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने भिलाई निगम प्रशासन जुटा हुआ है। पूरे निगम क्षेत्र में घूम घूम कर निगम का अमला राजनैतिक वॉल राईटिंग को मिटाने , प्रचार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स, फ्लेक्स को निकालने के साथ ही शासकीय भवनो में लगे हुए जनप्रतिनिधियों के फोटो को ढंकने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त के निर्देश पर निगम में लगभग 150 कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो बीते चार दिनों से सार्वजनिक और निजी संपत्ति पर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही में लगे हुए है। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद से निगम आयुक्त रोहित व्यास स्वंय संपूर्ण निगम क्षेत्र का दौरा कर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही में शामिल हुए थे। निगम की टीम द्वारा निकाले जा रहे बैनर , होर्डिंग्स, वॉल राईटिंग को लेकर निरंतर मॉनिटरिंग कर दिशा निर्देश दे रहे है। आयुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए है कि आचार संहित के तहत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी , वहीं इस कार्य व्यावधान उत्पन्न करने वालो के विरूद्ध आचार संहिता के नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भिलाई निगम क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही के लिए बीते 4 दिनों से निगम के कर्मचारी लगातार डटे हुए है। इसमें सभी जोन कार्यालय से राजस्व विभाग की टीम , स्वास्थ्य विभाग का विशेष गैंग , एसबीएम, तोड़फोड़ दस्ता सहित लगभग 150 कर्मचारियों की टीम लगी हुई है।